हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

4 चेस टूर्नामेंट के स्पर्श बने ओवरऑल चैंपियन



## खबर संक्षेप

### युवती से अनाचार आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव क्षेत्र में एक गंभीर महिला अपराध का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करने वाले आरोपी अमन लकड़ा (22 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पत्थलगांव में दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीए की छात्रा है और कंप्यूटर का कोर्स कर रही है। युवती ने बताया कि 4 जून 2024 को वह अपने ही गांव में अपनी रिश्ते की बहन की शादी में आई थी।

### बिजली खंभों के लिए नपा को मिली 30 लाख की राशि

**जशपुरनगर।** लंबे समय से शहरवासियों और पार्षदों की मांग को ध्यान में रखते हुए, जशपुर नगर पालिका ने नगर के सभी 20 वार्डों में नवीन विद्युत खंभों के विस्तार हेतु विद्युत विभाग को 30 लाख रुपए की राशि जारी की है। इस कदम से न केवल शहर में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि अंधेरे और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का भी समाधान होगा। शहरवासियों की इस मांग को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरी की, वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जशपुर नगर पालिका के लिए 30 लाख रुपए की मंजूरी दी। इस राशि के आवंटन में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने शहर में विद्युत पोल के विस्तार हेतु लगातार प्रयास किए।

## आधे घंटे तक ठप रहा कोतबा-लवाकेरा मार्ग

# खरीबाहर में जंगली हाथियों का आतंक



**जशपुरनगर।** जिले में एक बार फिर जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया है। सोमवार की रात कोतबा–लवाकेरा मार्ग पर खरीबाहर के पास हुए इस घटनाक्रम ने न सिर्फ लोगों में दहशत फैला दी बल्कि करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बताया गया कि रात करीब 7:30 बजे अचानक एक हाथी सड़क पर उतर आया, उसके पीछे उसका पूरा झुंड भी पहुंच गया। कुछ ही देर में सड़क दोनों ओर वाहनों से जाम हो गई और ग्रामीणों में भगदड़ जैसे हालात बन गए।

### प्रत्यक्षदर्शियों का बयान

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पहले एक हाथी दिखाई दिया था। लोग सड़क किनारे हटकर खड़े हो गए, लेकिन कुछ ही देर में 6 से 8 हाथियों का पूरा झुंड निकल आया। इन हाथियों में छोटे बछड़े भी शामिल थे, जो लगातार चिंघाड़ रहे थे। हाथियों को देखकर ग्रामीणों में खौफ फैल गया। कई बाइक सवार और वाहन चालक अपनी गाड़ियाँ छोड़कर दूर भाग गए। हाथियों के झुंड ने सड़क किनारे लगे पेड़ों की डालियाँ तोड़ीं और खेतों के किनारे बने बाँस-बल्लियों को रौंद डाला।

## ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

### वन विभाग की देरी पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि घटना के शुरुआती 20 से 25 मिनट तक वन विभाग या हाथी मित्र दल का कोई भी सदस्य मौके पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने खुद मशालें जलाकर और आवाजें निकालकर हाथियों को सड़क से हटाने का प्रयास किया, लेकिन झुंड तब तक सड़क पर ही डटा रहा। लगभग आधे घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तब जाकर मशालों और पटाखों की मदद से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। इसके बाद ही सड़क पर यातायात बहाल हो सका।

### ग्रामीणों में बढ़ा भय और नाराजगी

घटना के बाद खरीबाहर, करियापानी, पोड़ी और आसपास के गांवों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पखवाड़े से लगातार हाथियों का झुंड इलाके में घूम रहा है। खेतों में लगी धान की फसल बर्बाद हो रही है, वहीं रात में झुंड के गांव के पास आने से लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि शाम ढलते ही गांवों में लोग अपने बच्चों को घरों में बंद कर देते हैं।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया

इस घटना के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि विभाग केवल घटना के बाद सक्रिय होता है, जबकि गांवों में पहले से चेतावनी और निगरानी का अभाव है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### हाथियों की लगातार बढ़ती गतिविधि

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह झुंड लगभग 12 हाथियों का है, जो पिछले कुछ दिनों से कोतबा, लवाकेरा, सिजुआ और पत्थलगांव परिक्षेत्र के जंगलों के बीच आवाजाही कर रहा है। हाल में जंगलों में जल स्रोतों की कमी और पक चुकी फसलों की गंध के कारण झुंड गांवों की ओर खिंच आया है। विभाग का कहना है कि हाथियों के मार्ग को ट्रैक किया जा रहा है और गश्ती दल को सक्रिय किया गया है।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सागौन चिरान जब्त

**जशपुरनगर।** वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी तस्करी पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर वनमण्डल के अंतर्गत पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सागौन की अवैध चिरान लकड़ी जब्त की है।



जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को पत्थलगांव परिक्षेत्र के वन अधिकारियों को यह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेलडेगी (कोरवाबहार) में निवासी श्री शिव कुमार नाग पिता सुखसाय नाग द्वारा अवैध रूप से लकड़ी रखी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वनमण्डलाधिकारी जशपुर के निर्देशन पर वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव ने एक विशेष टीम का गठन किया और तत्काल छापेमारी की कार्रवाई के निर्देश दिए। वन अमले की टीम ने ग्राम बेलडेगी (कोरवाबहार) पहुंचकर आरोपी के घर की तलाशी ली, जहाँ से अवैध सागौन चिरान के कुल 23 ⏭ शेष पेज 4 पर

# मुख्य डाकघर में राउटर खराब खाताधारक परेशान

**जशपुरनगर।** मुख्य डाकघर में बीते तीन दिनों से राउटर खराब होने के कारण पूरे जिले के खाताधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमा और निकासी दोनों ही प्रकार के कार्य पूरी तरह ठप हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक के खाताधारक रोज़ाना डाकघर का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार, गुरुवार से डाकघर का राउटर और कंप्यूटर सिस्टम बंद पड़ा है। कर्मचारीयों ने बताया कि रायगढ़ मुख्य कार्यालय से नया कंप्यूटर और राउटर मंगाया गया है, परंतु ⏭ शेष पेज 4 पर

### कार्य प्रभावित

वर्तमान में राउटर तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित है। समस्या का निराकरण कराया जा रहा है, और सेवा जल्द ही सामान्य कर दी जाएगी।

-**लक्ष्मी प्रधान**, अधीक्षक, डाकघर जशपुरनगर



# तेज रफ्तार हाइवा और बस भिड़े चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस वक्त कोहराम मच गया, जब श्रीनदी के पास तेज रफ्तार हाइवा और यात्री बस की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाइवा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी और उसके केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

- **क्लीनर गंभीर, गैस कटर से काटकर निकाला गया शव**

जानकारी के अनुसार, आयरन से भरी यह हाइवा अंबिकापुर से रायगढ़ की ओर जा रही थी। वहीं यात्री बस ⏭ शेष पेज 4 पर



### बोर्ड लगाने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि श्रीनदी पुल के इस हिस्से पर आए दिन हादसे होते हैं। यहां सड़क संकरी है और मोड़ अचानक आता है, जिससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस जगह पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### हालत नाजुक

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में कुनकुरी थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। गैस कटर की मदद से हाइवा का केबिन काटकर चालक और क्लीनर को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। गंभीर रूप से घायल क्लीनर को तुरंत कुनकुरी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### मुख्य मार्ग पर जाम

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस और हाइवा दोनों ही तेज रफ्तार में थे। पुल के संकरे मोड़ पर नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आगे के हिस्से का भी शीशा चकनाचूर हो गया। बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, हालांकि बस में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के कारण रायगढ़-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया।



## खबर संक्षेप

### विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन आज

**अम्बिकापुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे संकल्प भवन



भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य विषय वोकल फॉर लोकल रहेगा, जिसमें प्रदेश भाजपा से आमंत्रित अतिथि विषय वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए दिए गए सोच और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान स्थानीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह ने विधानसभा अंतर्गत आने वाले वोकल फॉर लोकल के छोटे-बड़े उद्यमियों, व्यापारियों, कामगारों तथा भाजपा के सभी छह मंडलों महामाया, समलाया, अम्बिकापुर ग्रामीण, लखनपुर, देवगढ़ व रामगढ़ के पदाधिकारियों से समय पर सम्मेलन में शामिल होने कहा है।

### लहपटरा स्कूल में 50 छात्राओं को बांटी गई साइकिल




**लहपटरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल, दिनेश बारी, गोपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य श्रीमती जेरमिना किण्डो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल के सौजन्य संस्था के सभी बच्चो को पानी बोतल एवं अभ्यास पुस्तिका, कॉपी का वितरण किया गया। छात्राएं सामग्री पाकर खुश नजर आए। इस दौरान एसपी जायसवाल, राजेश सिंह, विष्णु राजवाड़े, राम प्रवेश राजवाड़े, अजय राजवाड़े के अलावा संस्था के सुषमा पाण्डेय, अन्नपूर्णा सिंह, धनंजय तिवारी, बृजेश पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, 16 टीमों ने लिया भाग



**प्रतापपुर।** ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में किया गया जिसमें प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत 16 टीम ने भाग लिया है। स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह एवं नव युवक मंडल अध्यक्ष मोहनपांडे खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता ने पार्वतीपुर व गुमिदाड़ के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्श्रन किया। इधर गुमिदाड़ की टीम ने बेहतरीन खेल व तालमेल का परिचय देते हुए केवरा पार्वतीपुर 2-0 से पराजित किया। ज्ञात हो की प्रतापपुर क्षेत्र में फुटबॉल खेल हमेशा लोकप्रिय रहा है। प्रतापपुर में फुटबॉल मैच का रोमांचक प्रदर्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय बस स्टैंड स्टेडियम ग्राउंड में खेल प्रेमी उपस्थित होते हैं। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, नंदलाल तिवारी, मनोज, शिव शंकर सिंह, भोलू, अफजल, रहीम खान, विजय, कॉमेंटेटर अक्षय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आमसभा में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का मनोनयन



**अम्बिकापुर।** सर्व ब्राह्मण समाज की आमसभा संरक्षक आरएन अवस्थी की अध्यक्षता में रविवार को हुई। आमसभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी का मनोनयन किया गया। चुनाव का संचालन संयोजक निवास आयंगर एवं समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान कौशलेन्द्र पाण्डेय, विकास पाण्डेय, आलोक दुबे, आईबी तिवारी द्वितेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पाण्डेय, चन्द्रसेन तिवारी, बच्चू तिवारी , केपी दीक्षित, अनिल तिवारी , इति चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

---

गांव में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

# ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर ग्राम पंचायत आसनडीह के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

चौमुखी विकास के इस दौरान में आज भी जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा की है। जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**
- जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन से लगा चुके है गुहार

लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। आज भी ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित ढोढी के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए सरपंच, ग्राम सभा सहित अधिकारियों को समस्याओं को लेकर शिकायत की गई परंतु आज तक क्षेत्र के लगभग 40 घरों की इस बस्ती की समस्या दूर नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोग ढोढ़ी के पानी पीने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। बारिश के कारण एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पीने योग्य नहीं होता। इसके अवाला ढोढी को ईट से जोड़ कर पक्का और सुरक्षित किया गया है लेकिन ढोढी की सफाई नहीं होने से हर समय बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद इसके गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा के तौर पर हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग निस्तारण सहित पेयजल के लिए ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है।



ढोढ़ी से पानी ले जाती महिलाएं।

**बीमार पड़ते है लोग**

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान ढोढ़ी का गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

**ग्रामीणों ने की हैंडपंप खनन की मांग**

ग्रामीणों में बताया कि गांव में सड़क व बिजली तो है परंतु शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव में एक हैंडपंप तक नहीं है। इधर नल जल मिशन योजना के तहत गांव के घरों में नल लगाने व पानी टंकी निर्माण कई साल से अधूरा है। ऐसे में लोग ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है। गांव में एक दो लोग अपने घरों में बोर कराया है लेकिन लो वोल्ट होने से सबमर्सिबल पंप भी काम नहीं करता। ऐसे में गांव में कम से कम एक हैंडपंप खनन हो जाती तो पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाती। ग्रामीणों ने गांव में हैंडपंप खनन की मांग की है।

---

# विक्षिप्त महिला को मिला सखी सेंटर में आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और सचिव डीएलएसए, पायल टोपनो के त्वरित दिशा- निर्देशन में, रात के अंधेरे में भटक रही एक विछिप्त महिला को तत्काल रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया। यह घटना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और जागरूक नागरिकों के उत्कृष्ट समन्वय की कहानी बयां करती है।

- डीएलएसए, पुलिस और नागरिकों ने मिलकर बचाया विक्षिप्त महिला को

व्हाट्सएप से मिली पहली सूचना की शुरुआत शनिवार देर रात हुई। स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर एक पोस्ट शेयर किया गया, जिसमें ग्राम उमापुर में एक विक्षिप्त महिला के भटकने की जानकारी और उसकी तस्वीर थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र सत्य नारायण ने इस पोस्ट को गंभीरता से लिया और तुरंत सचिव पायल टोपनो को इसकी जानकारी दी। सचिव ने बिना समय गंवाए इसे अतिसंवेदनशील मामला मानते हुए महिला का पता लगाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। रात 8 बजे ग्राम मोरगा से हुई पहचान पूरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम महिला का पता लगाने में जुटी रही। दूसरे दिन रात लगभग 8 बजे, ग्राम मोरगा के एक जागरूक नागरिक पिंटू राजवाड़े ने अधिकार मित्र को फोन पर बताया कि वही महिला उनके गांव में भटक रही है।

सूचना मिलते ही सचिव पालय टोपनो ने मानवता को प्राथमिकता देते हुए, बिना किसी देरी के महिला को तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू कर सखी रेन्टर लाने का निर्देश दिया ताकि उसकी आवश्यक देखभाल और चिकित्सा सहायता मिल सके। रेस्क्यू टीम में अधिकार मित्र श्रीमती आशा गोंड, सत्य नारायण और पुलिस के प्रधान आरक्षक राम जनत प्रधान एवं आरक्षक गणेश सिंह ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और महिला को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया, जहां अब वह सुरक्षित है और उसकी देखभाल की जा रही है।

---

# शहरवासियों को जर्जर सड़क से मिल सकेगी मुक्ति




जर्जर एनएच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अब शहर के लोगों को जर्जर और धूल धूसरित सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम द्वारा शहर में लोगों को जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने के लिए 18 करोड़ के कार्यों का टेंडर पूर्ण कर लिया गया है और मंगलवार से निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इसमें 10 करोड़ के डामरीकरण के कार्य के साथ ही 8 करोड़ रुपए से सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य भी शामिल है। हालांकि डामरीकरण के कार्य को शुरू होने में अभी दस दिनों का समय लग सकता है लेकिन तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बारिश के मौसम में शहर वासियों को जर्जर सड़कों के कारण खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समय रहते शहर के सड़कों पर बने गड्ढों के मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया और बारिश के समय वाहनों के आवागमन से गड्ढों का आकार बड़ा हो गया। इस दौरान गड्ढों और जर्जर सड़कों के कारण लोगो को खासी परेशानियों का सामना करना पडा। शहर में आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार भी हुए। बारिश में एक तरफ लोग गड्ढों और कीचड से परेशान थे तो वही अब लोगों को धूल के गुबार और जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सडकों को लेकर नगर निगम में विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। इन सब के बीच शहर में जर्जर सड़कों के निर्माण हेतु नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था और शासन से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किया गया था और अब टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। नगर निगम सरकार ने वर्तमान में कुल 18 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए टेंडर किया है जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**कराए जाएंगे विकास कार्य**

शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण, सीसी सडक निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। जोनवार कार्यों की शुरुआत मंगलवार से की जाएगी। एनएच और लोक निर्माण विभाग से भी सड़कों के मरम्मत कराने हेतु चर्चा की गई है।
-श्रीमती मंजूषा, भगत महापौर

**जोन वार कराया जाएगा कार्य**

बताया जा रहा है कि नगर निगम में 10 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण के कार्यों व 8 करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़क, नाली के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। डामरीकरण का कार्य जोन वार कराया जाएगा। मंगलवार महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की मौजूदगी में शहर में डामरीकरण के कार्यों की शुरुआत की जाएगी। लगभग 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत जोन क्रमांक 3 से की जाएगी। इस हेतु ननि ने अपनी ओर से तैयारी पूर्ण कर ली है। हालांकि डामरीकरण का कार्य शुरू होने में अभी भी 10 से 15 दिन का समय लग सकता है क्यों कि मजदूर भी फिलहाल अपने त्यौहारों में व्यस्त है और छठ पर्व के बाद ही निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

**प्रमुख सड़कें एनएच, लोनिवि के पास**

नगर निगम द्वारा भले ही डामरीकरण के कार्य शुरू किए जाएंगे लेकिन शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गों की सड़कें लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के पास ही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य ननि नहीं करा सकता ऐसे में इन सड़कों के मरम्मत का कार्य संबंधित विभागों को ही कराना है लेकिन उनकी ओर से अब तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। ऐसे में वर्तमान में इन सड़कों पर लोगों को कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

---

### लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रथम छात्र संसद का गठन

**रामानुजगंज।** लिटिल फ्लावर स्कूल अपने आरंभिक काल से ही शिक्षा, अनुशासन और समाज विज्ञान के क्षेत्र में प्रयोग और नवाचार का केंद्र रहा है। मौलिक विचारक बजरंग मुनि के संरक्षण में विद्यालय ने पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज विद्यालय में प्रथम छात्र संसद की बैठक आयोजित की गई। कक्षा 1 से 10 तक के सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली खुशबू कश्यप को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद के सभापति अशोक कुमार गुप्ता ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी में दूसरा सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली नैना लकड़ा को उप प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वहीं ऋषभ को शिक्षा मंत्री पद पर शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्र संसद की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। संस्कृति, खेल, पुस्तकालय, अनुशासन और स्वास्थ्य जैसे विभागों के लिए भी मंत्रियों का चयन प्रधानमंत्री अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करेंगे। यह भी तय हुआ कि प्रत्येक छात्र संसद में प्रधानाचार्य पदेन सभापति तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के उप सभापति पदेन उप सभापति रहेंगे। छात्र संसद की योजना और कार्यप्रणाली की व्याख्या करते हुए ज्ञान यज्ञ परिवार के प्रभारी प्रबंधक ज्ञानेंद्र आर्य ने कहा कि छात्र संसद विद्यालय की प्रबंध समिति से भी अधिक महत्वपूर्ण इकाई है।

---

# शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा





समीक्षा बैठक को संबोधित करते शिक्षा विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा हेतु सूरजपुर जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त संचालक संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में ओड़गी एवं द्वितीय पाली में सूरजपुर रामानुजनगर और प्रेम नगर के संस्था प्रमुख बैठक में शामिल हुए,बैठक में मुख्य रूप से एनएएस परख कार्यक्रम, तिमाही परीक्षा परिणाम पर समीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा पर चर्चा, ब्लू प्रिन्ट पर चर्चा, कक्षा 5 वीं, 8 वीं में होने वाले बोर्ड परीक्षा के संबंध में तथा युडाईस एवं अपार आईडी निर्माण पर चर्चा की गई,संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ड्रॉप आउट की समस्या बहुत गंभीर है। ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य हम सभी को अनिवार्य रूप से हासिल करना है,उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य यहां से जाने के बाद अपने-अपने विद्यालय में अपने स्टाफ के साथ बैठकर त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की विषय वार समीक्षा पुनः कीजिए और देखिए कौन से छात्र छात्राएं किस विषय में ज्यादा कमजोर हैं।डीईओ अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जो आदेश और निर्देश राज्य और संभाग से प्राप्त होते हैं,उसे हम लोग तत्काल आप लोगों तक प्रेषित कर देते हैं,उस पर आप सभी त्वरित कार्यवाही करें,वह केवल मोबाइल तक ही सीमित ना रहे। सूरजपुर जिले को शैक्षणिक गतिविधियों में सबसे आगे ले जाने के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन एवं जिन बच्चों का आधार नहीं है, उसे बनाने के लिए कलेक्टर के आदेशानुसार सभी संकुलों में अलग-अलग तिथियों में आधार कैंप लगाया जा रहा है। बैठक में डीएमसी शशिकांत सिंह, सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य, पीसी सोनी, शम्भू निषाद व सभी विकासखंडों के बीईओ और प्राचार्य उपस्थित थे।

---

# भाई ने शराब पीने से मनाकर जड़ दिया थप्पड़ तो किशोरी ने लगा ली फांसी

**अंबिकापुर।** बहन को शराब पीने से मना करना युवक को भारी पड़ गया। शराब पीने से मना करते हुए थप्पड़ लगाने से नाराज किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

किशोरी की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त इस मामले में भाई को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के लिए गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के कोरंधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पत्थलटोली सुरबेना निवासी 17 वर्षीया राधा केरकेट्टा आ. जयलाल केरकेट्टा 8 अक्टूबर को एपीआई सहेली के साथ करमा त्यौहार देखने के लिए बस्ती की तरफ गई थी और शाम 4 बजे वापस पैदल घर आने के बाद सो गई। शाम 6.30 से 7 बजे के बीच किशोरी का भाई विकास केरकेट्टा भी करमा मनाकर वापस लौटा तो देखा कि उसकी बहन नशे में है और अनाप शनाप बोल रही है। ऐसे में युवक ने पानी छोटी बहन को हडिया शराब पीने से मना किया जिसपर राधा ने अपने ही भाई से विवाद शुरू कर दिया। विवाद करने पर युवक ने बहन को दो थप्पड़ मार दिए और सोने के लिए चला गया। विवाद के बाद किशोरी भी बिस्तर पर सो गई लेकिन 9 अक्टूबर की सुबह युवक के भाई विपुल केरकेट्टा ने आकर बताया की राधा ने पकरी पेड़ की डंगाल के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है।

- अब बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में युवक गिरफ्तार

---

आपूर्ति शुरू होने से गांव हुआ रौशन

# शंकरगढ़ की पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में पहली बार पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आजादी के बाद भी अंधेरे में जीवन गुजर बसर कर रहे लोगों की जिंदगी में अब रौशन हुई है। शासन की पहल से पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में बिजली की आपूर्ति शुरू हुई। विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद गांव में लोगों घर में पहली बार बल्ब जले। बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड का ग्राम बरपानी के पहाड़ी कोरवा बस्ती है। इस बस्ती में कुल 6 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते है। इस बस्ती के ग्रामीण आज भी लालटेन युग में अपना जीवन बसर कर रहे थे। गांव में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता था और लोग अपने घरों के अन्दर दुबकने को मजबूर हो जाते थे। विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को दिन के समय ही अपने काम निपटाने पड़ते थे। अब प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की पहल पर गांव में विद्युत आपूर्त शुरू हुई है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे दूरस्थ गांव, जहां कभी बिजली के खंभे देखना भी सपना था, आज वहां घर-घर बल्ब जल रहे हैं। इसी अभियान के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में भी विद्युत लाइन का विस्तार कर ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति दी दी है।

**खास बात**
- बस्ती में रहते हैं कुल छह परिवार



पहाड़ी कोरवा के घर में रौशन बल्ब।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें शाम ढलने तक सारे काम निपटाने पड़ते थे, क्योंकि रात होते ही पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता था। अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। रात का सन्नाटा अब रौशनी से जीवन की चहल-पहल में बदल गया है।

---

# सूने मकानों का ताला तोड़कर नकदी व सामान की चोरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 झीनपुरी पारा बीती रात चोरों ने दो सूने मकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मकान का ताला तोड़कर घर से नगदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस अब इस मामले में घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि झीनपूरी पारा निवासी काशीनाथ साहू रायपुर में निवास करते है जबकि विजय



नारायण पाण्डेय भी वर्तमान में अम्बिकापुर में रहते है। काशीनाथ साहू और विजय नारायण पाण्डेय का मकान सूना पड़ा हुआ था। ऐसे में चोरों ने बीती रात मकान का ताला तोड़कर कासीनाथ साहू के मकान से 15 हजार नगद अन्य सामान तथा विजय नारायण पांडे के घर से महंगे बर्तन की चोरी कर ले गए। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वार आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है



# टॉक्सिक के सेट से लीक हुआ यश का फुटेज

**मुंबई।** साउथ एक्टर यश इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्शन फिल्म टॉक्सिक और महाकाव्य रामायण। सोमवार को यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के सेट से उनका एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखकर फैंस फिदा हो गए हैं। वीडियो में वह धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। 19 मार्च 2026 को टॉक्सिक की रिलीज से पहले यश का यह वीडियो ऑनलाइन लीक हुआ है। इस लीक वीडियो से फिल्म की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यश नीली जींस और बिना शर्ट और अपनी दाढ़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# सोनम

## मां-बाप के कहने पर करने लगीं किसिंग सीन



सोनम बाजवा की जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'दीवाने की दीवानियत' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस अब तक दो हिंदी फिल्में कर चुकी हैं और ये उनकी तीसरी हिंदी फिल्म होने वाली है। ऐसे में सोनव बाजवा की बॉलीवुड एंट्री को लेकर बज भी बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि वो किसिंग सीन के डर से पहले हिंदी फिल्में नही कर रही थीं, लेकिन उनके पेरेंट्स ने उन्हें इसे बस काम समझ कर इंटीमेट सीन्स से न डरने की सलाह दी।पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों बॉलीवुड में पैर जमाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। वो धीरे-धीरे बॉलीवुड फिल्में कर रही हैं। वो अबतक 2 हिंदी फिल्में कर चुकी हैं। एक्ट्रेस को हाउसफुल 5 और बागी 4 में देखा जा चुका है और अब वो जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा ने उस वक्त के बारे में बात की जब वो सिर्फ किसिंग और इंटीमेट सीन्स के डर से बॉलीवुड फिल्मों के रिजेक्ट कर रही थीं। सोनम ने कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह था कि उनके किसिंग सीन्स और इंटीमेट सीन्स को लेकर पंजाब में दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उनके पेरेंट्स ने इस मामले में उनका काफी सपोर्ट किया था। सोनम ने बताया कि पेरेंट्स से बात करने के बाद उनका नजरिया पूरी तरह से बदल गया वो बताती हैं, यह कुछ साल पहले की बात है, और मैंने अपने मां-पापा से इस बारे में बात की। वे बोले, 'हां, अगर यह फिल्म के लिए है, तो ठीक है। और मैं बहुत चौंक गई।

हॉलीवुड मसाला



# 13 साल बड़े नेता को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की क्रूज पर ली गई रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। दोनों की किसिंग फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तलाक के बाद ट्रूडो का यह नया रिश्ता सुर्खियों में है। बात हो रही है कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (53) और उनकी कथित गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड स्टार कैटी पेरी (40) की. इस कपल की किसिंग तस्वीरों इंटरनेट पर वायरल हो गईं।




# जुरासिक वर्ल्ड- कैओस थ्योरी सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की लोकप्रिय एनिमेटेड सीरीज 'जुरासिक वर्ल्डः कैओस थ्योरी'के चौथे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। न्यूयॉर्क में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट के मौके पर सीरीज की पूरी टीम मौजूद थी। ट्रेलर में डायनासोर वर्ल्ड की एक बार फिर झलक देखने को मिल रही है, जिसे देखने के बाद फैंस उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही गहरे सस्पेंस और एडवेंचर से होती है। इस बार कहानी छह साल आगे बढ़ चुकी है, जब 'कैंप क्रेटेशियस' की घटनाओं के बाद डायनासोर खुली दुनिया में जी रहे हैं और इंसान उनसे डर के साये में जिंदगी बिता रहे हैं। इस सीजन में 'नब्लर सिक्स' के नाम से मशहूर छह दोस्तों की टीम एक बार फिर साथ आती है, लेकिन इस बार उनका सामना केवल डायनासोर से नहीं बल्कि एक ऐसी साजिश से होता है जो इंसानों और डायनासोर, दोनों के अस्तित्व को खतरे में डाल देती है।



# स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं।



# मनीष की गैंग पर ये अकेली भारी...

**मुंबई।** एक तरफ भारत में हाल ही में पॉप्युलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर दीपावली पार्टी रखी, वहीं दूसरी तरफ न्यूयॉर्क में भी ऐसी ही पार्टी रंग चढ़ा नजर आया। मनीष मल्होत्रा की पार्टी में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर, काजोल से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक खूब दिखा। वहीं, न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी प्रियंका चोपड़ा ने धूम मचा दी। निक जोनस के साथ उनकी झलकियां जैसे ही सोशल मीडिया पर नजर आई, मनीष की इस पार्टी की झलकियों पर भारी पड़ गई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी एकबार फिर चर्चा में हैं। न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी में भारत के इस फेस्टिवल का रंग खूब चढ़ा दिखा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साथ मिलकर इस त्यौहारी इवेंट रौनक बढ़ा दी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल शो से आदित्य और कीकू शारदा बाहर

**मुंबई।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल में फिनाले से पहले डबल एविक्शन का बड़ा ट्विस्ट आया है। शो से एक साथ दो कंटेस्टेंट, कीकू शारदा और आदित्य नारायण, बाहर हो गए हैं। दर्शक भी ये देखकर शॉक्ड हो गए हैं। एलिमिनेशन के लिए कीकू शारदा, आदित्य नारायण, आकृति नेगी और नयनदीप रक्षित को नॉमिनेट किया गया था। वोटिंग के दौरान सभी की सांसें थम गईं, लेकिन जब दो लोगों का एविक्शन हुआ तो कंटेस्टेंट्स को बड़ा झटका लगा। पहला नॉमिनेशन कीकू शारदा का हुआ। रूलर्स ने वोट किया और वे बाहर हो गए। इसके बाद बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स बाली, आरुष भोला और मनीषा रानी ने आदित्य नारायण को चुना। दोनों के एविक्शन के समय सभी कंटेस्टेंट्स भावुक दिखे। अक्सर एक-दूसरे से भिड़ने वाले बाली और आदित्य ने एक-दूसरे को गले लगाया। आदित्य ने बाली से माफी भी मांगी। धनश्री वर्मा और अरबाज भी अपने आंसू नहीं रोक पाए और आदित्य के बाहर होने पर दुख जताया।'राइज एंड फॉल'धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, जिससे कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कीकू शारदा ने ज्योतिष बनकर सबका मनोरंजन किया और भविष्य बताया था। अब जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण बाहर हो गए हैं, तो शो में और भी ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. अब शो में आरुष भोला, बाली, मनीषा रानी, आकृति नेगी, नयनदीप रक्षित, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल ही बचे हैं। ये सभी टॉफी हासिल करने के लिए भिड़ेंगे।

## जैमी ने बिग बॉस 19 में उड़ाया तान्या का मजाक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में वीकेंड के वॉर में सलमान खान कंटेस्टेंट की खूब क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। कुछ पूरे हफ्ते अच्छा खेलते हैं तो उनकी खूब तारीफ होती है, वहीं कुछ अपनी हरकतों की वजह से सलमान खान के गुस्से का शिकार होते हैं। इस हफ्ते वीकेंड का वार में जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर फराह खान बनकर आईं थीं। वो घरवालों से फराह खान के अंदाज में ही बात करती नजर आईं।



उन्होंने सारे घरवालों को उनकी हरकतों की वजह से रोस्ट किया। इस लिस्ट में तान्या मित्तल भी थीं। तान्या अपनी बातों की वजह से अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं और इस बार जैमी ने भी उन्हें खूब ट्रोल किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल बो रहा है। जैमी कहती हैं- तान्या तुम बकलावा खाने दुबई जाती हो, बिस्कुट खाने ब्रिटेन जाती हो, खजूर खाने के लिए साउदी अरेबिया जाती हो। मुझे तुमसे ये पूछना है कि तुम इलाज करवाने के लिए किधर जाती हो।

# बॉबी देओल की नई फिल्म का खतरनाक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉबी देओल एक बार फिर से विलन के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो प्रफेसर की भूमिका में होंगे, लेकिन ये शातिर और खतरनाक रोल होनेवाला है। फैन्स ने उनकी इस झलक पर ही खूब अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ लोगों को उनके चेहरे पर लंबे बाल नहीं अच्छे लग रहे। बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार शतक जड़ रहे हैं। आश्रम, एनिमल और हालिया रिलीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बाद एक बार फिर बॉबी अपने नए अंदाज से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। विलेन के अवतार में एक बार फिर बॉबी देओल पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। बॉबी ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसका नाम अभी फाइनल तय नहीं किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते लिखा, 'पॉप कॉर्न वॉप कॉर्न ले आओ, शो शुरू होनेवाला है।' पोस्टर के साथ ही फैन्स की दीवानगी भी खूब दिखने लगी। इस नए पोस्टर में बॉबी एक ट्वीड जैकेट, डार्क रिम वाले चश्मे, और आंखों में वही खतरनाक चमक लिए नजर आ रहे हैं। सॉल्ट एंड पेपर लुक में बॉबी के बालों की बड़ी लटें दिख रही हैं। इस पोस्ट पर बताया गया है कि वो इस फिल्म में बतौर प्रफेसर नजर आनेवाले हैं। हालांकि, ये रोल शातिर और खलनायक दिख रहा है।

# अध्याश्री-सुकृति बनीं सुपर डांसर चैप्टर 5 की विनर



**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' ने शुरू से ही दर्शकों को एंटरटेन किया और उन्हें अपने साथ जोड़े रखा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे टैलेंटेड डांसर थे, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़े फैन फॉलोइंग हैं, इसलिए डांस मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। फिनाले से पहले तक अंदाजा लगाना आसान नहीं था कि कौन सुपर डांसर की ट्रॉफी जीतकर घर लौटेगा. हफ्ते-दर-हफ्ते हर कंटेस्टेंट ने अपनी परफॉर्मेंस से भारत को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन अंत में अध्याश्री और सुकृति ने मिलकर ट्रॉफी जीत ली।

'सुपर डांसर चैप्टर 5' के टॉप छह फाइनलिस्ट्स में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमान्श और नमीष शामिल थे, जिनके युनिका डांस और स्टाइल ने लोगों को काफी इंप्रेस किया।आज उनकी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जजेस की बात करें तो बॉलीवुड के लीजेंड और भारत के सबसे पसंदीदा डांसरों में से एक गोविंदा जजेस पैनल में शामिल थे। उन्हें शो के मंच पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मार्ज़ी पेस्टोंजी का साथ मिला। अध्याश्री ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'सुपर डांसर ने मुझे मंच दिया जहां मैं कुछ बेहतरीन डांसरों और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स के सामने परफॉर्म कर सकी। मैंने पूरे सफर का मजा लिया और ट्रॉफी जीतना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया, खासकर मेरी मां का, जिनके लगातार सपोर्ट ने मुझे अपना बेहतरीन देने के लिए प्रेरित किया.' सुकृति ने कहा, 'ट्रॉफी जीतकर मैं बहुत खुश हूं. अपनी मां को इतना खुश देखकर यह जीत और भी खास बन गई। मैं 'सुपर डांसर चैप्टर 5 के सेट पर बनाए गए पलों और जो दोस्त बनाए, उन्हें हमेशा याद रखूंगी। यह मेरी लिए एक खास जीत है।'

## 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में थीं शामिल

# राजेश खन्ना की वो 3 फिल्में, जिनकी आंधी में उड़ गया था बॉक्स ऑफिस


*नई दिल्ली। राजेश खन्ना एक ऐसे दिग्गज अभिनेता थे, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। उन्हें बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार भी कहा जाता था, जिन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आज हम आपको उनकी 3 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल थीं। राजेश खन्ना आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनका नाम शीर्ष अभिनेताओं की सूची में शामिल था। लोगों में उनके प्रति गजब का क्रेज था। सभी उनकी नई फिल्मों के इंतजार में रहते थे, यही वजह भी थी कि फिल्में उनके नाम से ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती थीं।*

**प्रेम नगर :** यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसका निर्माण डी. रामानायडू ने और निर्देशन केएस प्रकाश राव ने किया था। इसमें राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, कामिनी कौशल, प्रेम चोपड़ा, बिंदु और असरानी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अशोक कुमार और अरुणा ईरानी अतिथि भूमिकाओं में हैं। यह निर्देशक की अपनी तेलुगु फिल्म प्रेम नगर (1971) का रीमेक था, जो दर्शकों बेहद पसंद आई थी. विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह साल 1974 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।





**रोटी :** यह एक एक्शन फिल्म थी, जिसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने और निर्माण रजनी देसाई और राजेश खन्ना ने आशीर्वाद पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया था। इसमें खन्ना और मुमताज ने अभिनय किया था और संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। यह फिल्म 11 अक्टूबर 1974 को बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान के साथ रिलीज हुई थी। कथित तौर पर कादर खान को फिल्म के संवाद लिखने के लिए 1.21 लाख का भुगतान किया गया था। यह साल 1974 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।





**आप की कसम :** 1974 में बनी जे ओम प्रकाश द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक फिल्म थी, जो उनके निर्देशन में भी पहली फिल्म थी. फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज, संजीव कुमार, रहमान, असरानी और एके हंगल ने



अभिनय किया था। फिल्म में संगीत आरडी बर्मन ने दिया था। इस फिल्म को भी सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था और यही वजह भी थी कि यह साल 1974 की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।

## खबर संक्षेप



### नशीली दवाओं की बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने कोडीन युक्त सिरप और अन्य नशीली दवाओं की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी करूणाधर यादव को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी करूणाधर यादव अपने रिश्ते के जीजा धनुर्जय यादव निवासी ग्राम लारीपानी के साथ मिलकर नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय था। वह तमनार क्षेत्र के अशोक बेहरा, सुशील राठिया और अनिल गुप्ता को यह नशीली दवाएं सप्लाई करता था। इससे पहले 29 सितंबर को मुखबिर सूचना पर तमनार पुलिस ने हिंझर तिराहा के पास दबिश देकर मोटरसाइकिल में नशीली दवाएं ले जा रहे आरोपियों ललित गुप्ता, अशोक बेहरा और सुशील राठिया को पकड़ा था। उनके कब्जे से नशीली दवाओं का जखीरा जप्त करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया था। पूछताछ में आरोपी सुशील राठिया ने बताया था कि उन्हें नशीली दवाएं करूणाधर यादव सप्लाई करता है। ऐसे में पुलिस ने आरोपी करूणाधर यादव की लगातार तलाश करते हुए मुखबिर का जाल बिछाया था। इसी क्रम में आरोपी के ग्राम केनापारा में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मोबाइल फोन के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर कोडीन युक्त सिरप बेचता था और भुगतान ऑनलाइन प्राप्त करता था। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर भेज दिया है।

### बिलाईगढ़ कॉलेज में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में 13 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस व रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर मानवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एफआर निराला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके खूंटे के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना तुलेश्वर सिंह ध्रुवए प्रभारी यूथ रेड क्रॉस पंकज साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग ब्लड सेंटर सारंगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ की टीम ब्लड कलेक्शन करने विशेष रूप से उपस्थित थे शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक, एनएसएस स्वयं सेवकए सहित 14 छात्र-छात्राओं ने रक्त दान किया साथ ही नगर के आमजन भी पीछे नहीं रहे और कुल 30 लोगों ने महाविद्यालय के शिविर में आकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सिकलिन, रक्तसमूह का परीक्षण भी किया गया।

### राउरकेला में रोड रोमियो पर पुलिस का कहर

**राउरकेला।** शहर के पानपोष कॉलेज के पास सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने छात्रा के उपर रिवॉल्वर तान दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी कई दिनों से छात्रा का पीछा कर रहा था और मनचाही प्रतिक्रिया न मिलने पर सोमवार दोपहर उसने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पानपोष थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसने भागने की कोशिश की, जिसके बाद बल प्रयोग कर उसे काबू में किया गया। आरोपी के पास से एक देशी रिवॉल्वर बरामद की गई है। फिलहाल उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। बताते हैं की पकड़ाए युवक के दो साथी पकड़े गए।

## प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों के 204 खिलाड़ियों ने लिया भाग

# चेस टूर्नामेंट के स्पर्श बने ओवरऑल चैंपियन







**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जशपुरनगर**

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में आयोजित तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश के 18 जिलों के कुल 204 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट में राजनांदगांव के स्पर्श खंडेलवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। उन्हें 31 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं दूसरे स्थान पर दुर्ग के 10 वर्षीय खिलाड़ी वी. विराट अय्यर रहे, जिन्हें 21 हजार रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तीसरा स्थान संकल्प कश्यप को प्राप्त हुआ, जिन्हें 11 हजार रुपए की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्गों, महिला वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी में भी विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजनकर्ताओं को बेहतर आयोजन के लिए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर जशपुर खेल के क्षेत्र में भी आगे है। यहां से निकले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जशपुर में खेलों को आगे ले जाने विशेष रूप से प्रयासरत हैं। यहां पर खेल के लिए अधोसरंचना विकास के साथ विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है ताकि खिलाड़ी उभर का सामने आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री श्री योगेश बापट ने सभी खिलाड़ियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शतरंज खेल हमारे सोचने और समझने की क्षमता का विकास करता है। हम इससे सटीकता, रणनीति निर्माण की कला सीख सकते हैं। हम जितना ज्यादा प्रैक्टिस करते हैं उतना की निखरते जाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने अपने संबोधन में सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से उभरते खिलाड़ी प्रेरित होंगे और आगे की स्पर्धाओं में निखर का सामने आएंगे।

### जशपुर के 137 खिलाड़ी

इस प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों के कुल 204 खिलाडियों ने भाग लिया। सबसे ज्यादा भागीदारी जशपुर जिले की रही, यहां से लगभग 137 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा के तीसरे और अंतिम दिन पूरे आठ राउंड के खेल के बाद विजेताओं का चयन किया गया। जिसमें 09 आयुवर्ग में वेदांश यादव विजेता रहे। इसी तरह 11 आयुवर्ग में प्रांजल सिंह, 13 आयुवर्ग में देवांश जैन, 15 आयुवर्ग में सानिध्य गुप्ता, महिला 09 आयुवर्ग में अनिरुद्धि अनंत, महिला 11 आयुवर्ग में सावी गौरी, महिला 13 आयुवर्ग में श्रेया शिल्पी, महिला 15 आयुवर्ग में अंशिका मिंज विजेता रही। इसी प्रकार से दिव्यांग श्रेणी में रूपेश कुमार मिश्रा विजेता रहे। बेस्ट जशपुर वर्ग के विजेता अमन कुमार रवानी, सरगुजा डिविजन वर्ग के विजेता मुहम्मद हसनैन अली, वेटरन श्रेणी में विजेता सेनगुप्ता दीपांकर और बेस्ट महिला श्रेणी वर्ग का खिताब मादके इशिका ने जीता। सभी को चार-चार हजार रुपए की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। सभी खिलाड़ियों ने बेहतर आयोजन और सुविधा प्रदान किए जाने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे आयोजक -** टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन के सहयोग से कराया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वास राव मस्के और सचिव जिला खेल अधिकारी समीर बड़ा थे। चेस एसोसिएशन की ओर से आर्बिटर अनीश अंसारी, रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा, शुभम बसोने, शेष रतन जायसवाल, प्रदीप कुमार मंडल और अनिल शर्मा ने खिलाड़ियों को गाइड करने के साथ ही निर्णायक की भी भूमिका निभाई। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे, बाल कल्याण समिति जशपुर के अध्यक्ष नितिन राय, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, आयोजन समिति के जॉइंट सेक्रेटरी विनोद गुप्ता की भी मौजूदगी रही।



## मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया गया जनता को जागरूक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर डॉ.जेएस जात्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समन्वय जिला चिकित्सालय जशपुर के मनोवैज्ञानिक डॉ. खान अबरार उज़ जमान खान द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उददेश्य आमजन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव, अवसाद, चिंता तथा नशा सम्बंधित विकारों की शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना और मानसिक रूप से स्वस्थ व्यवहार एवं जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन संकल्प लिया, जिसमें उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समाज में प्रचारित करने, तनाव या अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता करने तथा मानसिक रूप से सशक्त एवं सहायक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिज्ञा की। डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी संस्थानों में आईईसी सामग्री, पोस्टर, बैनर एवं पम्पलेट्स के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रसारित की गई। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन तकनीक परामर्श की भूमिका और मानसिक रोगों की प्रारंभिक पहचान के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की कार्यक्षमता पारिवारिक जीवन और सामाजिक समरसता से सीधा संबंध रखता है, तथा समय पर पहचान और उपचार से अधिकांश मानसिक विकारों का प्रभावी प्रबंधन संभव है। कार्यक्रम का समापन मानसिक रूप से स्वस्थ जशपुर के सामूहिक संदेश के साथ हुआ।



## पैरालीगल वॉलिटियर की प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला एवं तालुका स्तर के अंतर्गत कार्यरत अधिकार मित्रों की विगत दिवस 13 अक्टूबर को जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत आमजनों एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के ध्येय वाक्य न्याय सबके लिए तथा नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आम नागरिकों एवं जन समुदाय तक कानूनी सहायता व सलाह उपलब्ध कराये जाने तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किये जाने के प्रयोजनार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा मर्यादा एवं कानून के दायरे में रहकर आमजनों एवं जनसमुदाय के मध्य विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के हितों की रक्षा करने एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदाय किये जाने के संबंध में अधिकार मित्रो (पैरालीगल वॉलिटियर्स) को सहभागिता से कार्य करते हुये जरूरतमंद व्यक्तियो को विधिक सहायता व सलाह हेतु सहभागिता से कार्य करते हुये अपनी उपलब्धिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जनार्दन खरे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि पैरालीगल वॉलिण्टियर का अर्थ अर्द्ध न्यायी स्वयंसेवक है। समाज के कमजोर वर्गों एवं दूरस्थ अचलों तक न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करने हेतु नालसा द्वारा कानूनी प्रचार-प्रसार हेतु स्वैच्छिक रूप से इच्छुक व्यक्तियों को पैरालीगल वॉलिण्टियर के रूप में कार्य करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

## मुद्रा लोन से साकार हुआ सपना बुढाडांड की प्रीति बनीं लखपति दीदी



**जशपुरनगर।** अपने दुकान में सौंदर्य प्रसाधन से लेकर घरेलू सामान का विक्रय करती प्रीति गुप्ता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उनके चेहरे पर एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है। वह उत्साह से बताती है कि मुद्रा लोन की मदद से वह अपना व्यापार खड़ा कर पाई है। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति ने बताया कि उन्हें 01 लाख रुपए मुद्रा लोन के रूप में मिला था। आज वह अपने व्यापार से सालाना लगभग 2.50 लाख रुपए तक कमाई कर पाती है। विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की रहने वाली प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन लेकर दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर दुकान संचालित करने वाली प्रीति ने धीरे-धीरे ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए दुकान का विस्तार किया। आज उनकी दुकान गांव की प्रमुख दुकानों में गिनी जाती है। सौंदर्य प्रसाधन से लेकर हर जरूरत का सामान उनकी दुकान में उपलब्ध है। मुद्रा लोन से मिली आर्थिक सहायता एवं मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज वे प्रतिवर्ष लगभग 2.50 लाख का शुद्ध लाभ कमा रही हैं। उन्होंने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और बिहान योजना के सहयोग से लखपति दीदी बनने का सपना साकार किया है। प्रीति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की वजह से आज मेरे जैसी कितनी महिलाएं आत्मनिर्भर हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि बिहान ने मुझे अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया।

## राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

**खास बात**

- अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए नामांतरण, डायवर्सन, भू-अर्जन, त्रुटि सुधार, सीमांकन, स्वामित्व योजना, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों सहित सभी लंबित मामलों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें। उन्होंने स्वामित्व योजना, मसाहती गांव सर्वेक्षण, डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेख सत्यापन, किसान किताब में आधार प्रविष्टि, भू-नक्शा अद्यतन, भू-बंटन रिकार्ड दुरुस्ती और त्रुटि सुधार की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही समय सीमा में सभी प्रकरणों को निराकृत करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के मैदानी अमलों आरआई एवं पटवारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करने सक्रियतापूर्वक कार्य के लिए तत्पर किया जाए। इस दौरान बैठक में जिले के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने एग्रीस्टेक पंजीयन के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराया जाए। इसके लिए राजस्व विभाग कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान चलाए, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में सुविधा होगी। इस संबंध में उन्होंने अभी तक कुल पंजीयन, स्वीकृत एवं सत्यापन के लिए लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने इस दौरान हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण आदि कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को भी अभियान चलाकर शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि जनहित के मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए।

## राउरकेला विधि कॉलेज के प्रधानाध्यापक द्वारा सम्मानित हुए जगन्नाथ घासी



**राउरकेला।** राउरकेला विधि कॉलेज के विद्यार्थी जगन्नाथ घासी को प्रधानाध्यापक बिभू रंजन पटनायक ने वर्ल्ड एड्स डे में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कॉलेज प्रबंधन के ओर से प्रोफेसर सम्पादिका मोहन्ती, प्रोफेसर प्रज्ञा परमिता पंडा व अन्य उपस्थित थे। वहीं अन्य विद्यार्थियों ने भी उनके इस सामाजिक सरोकार के उद्देश्य से किए गए इस पुण्य कार्य हेतु उन्हें बधाई दी। इस मौके पर अन्य मौजूदगी के रूप मे डॉ राजकुमार यादवए शर्मिष्ठा मोहन्तिए अनमोल केरकेट्टा, इंद्रजीत बिरुआ, पुष्पा राज, श्रुती सेठी, राहुल दास व अन्य मौजूद थे।

## एनसीपी के नेता डॉ. राजकुमार केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त



**राउरकेला।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति एनसीपी की राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र संख्या के माध्यम से की गई है, जो 13 अक्टूबर को केंद्रीय कार्यालय से जारी हुआ। डॉ. राजकुमार यादव, जो अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता, अनुभव और समर्पण के लिए जाने जाते हैं, अब बिहार चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे पूर्ण तन्मयता और अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह तथा अन्य प्रमुख नेताओं के साथ जरूरी समन्वय स्थापित करें। उनका मुख्य उद्देश्य पार्टी के उम्मीदवारों को मजबूत बनाना और चुनावी मैदान में विजयी बनाने के लिए रणनीतिक सहयोग प्रदान करना है। यह नियुक्ति एनसीपी की बिहार में बढ़ती ताकत और चुनावी तैयारियों की दिशा में एक मजबूत संकेत है, जो पार्टी को जनता के बीच और अधिक प्रभावशाली बनाने में मदद करेगी। इस आधिकारिक पत्र की प्रतियां राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह तथा केंद्रीय कार्यालय के अधीक्षक एवं प्रशासनिक प्रभारी चंदन बोस को भी प्रेषित की गई हैं। एनसीपी का यह निर्णय बिहार चुनाव में पार्टी की सक्रिय भागीदारी और बेहतर परिणामों की दिशा में एक निर्णायक कदम है। डॉ. राजकुमार यादव ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पूर्ण समर्पण के साथ बिहार में एनसीपी की टीम को मजबूत करने और चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करूंगा। हमारी पार्टी जन केंद्रित मुद्दों पर फोकस कर बिहार की जनता के लिए एक मजबूत विकल्प बनेगी।

## साइकिल से देश भ्रमण पर निकले प्रदीप



देशवासियों को दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**राजगांगपुर।** पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के चिनसूरा निवासी 33 वर्षीय प्रदीप विश्वास बीते तीन वर्षों से साइकिल पर सवार होकर देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैला रहे हैं। अब तक वे 15 राज्यों की यात्रा कर चुके हैं और इन दिनों ओडिशा भ्रमण पर हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अंग्रेजी में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले प्रदीप ने निजी नौकरी छोड़ साइकिल यात्रा का मार्ग चुना। उनकी साइकिल पर लगा गो ग्रीन, ग्रो इंडिया साइनबोर्ड लोगों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## पेज 1 के शेष...

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों ...

उन्होंने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, ड्रोन सर्विलांस और हाथी मित्र दल को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग – रात्रिकालीन गश्त और तैनाती जरूरी ग्रामीणों ने कहा कि यदि गश्त और सतर्कता नहीं बढ़ाई गई तो किसी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है। खेतों में काम करने वाले मजदूरों और किसानों को सबसे ज्यादा खतरा है, क्योंकि हाथियों के झुंड प्रायः रात 7 बजे से सुबह 5 बजे तक सक्रिय रहते हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि खरीबाहर के पास स्थायी हाथी नियंत्रण चौकी की स्थापना की जाए ताकि घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो सके। निगरानी बढ़ाई गई - वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, टीम तुरंत रवाना की गई थी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर भेज दिया गया है और इलाके में निगरानी बढ़ाई गई है।

### वन विभाग की बड़ी ...

नग (लगभग 0.192 घन मीटर) लकड़ी बरामद की गई। पूछताछ में लकड़ी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद वन विभाग ने लकड़ी को तत्काल जप्त कर लिया। इस संबंध में वन अपराध दर्ज किया गया है। जब्त की गई लकड़ी को आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागीय डिपो में सुरक्षित रखा गया है। वन अधिकारियों ने बताया कि अवैध वनोपज की खरीद–फरोख्त और भंडारण वन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। विभाग द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वनमण्डलाधिकारी जशपुर ने कहा कि विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही हैं और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बख्शी नहीं जाएगी। वन संपदा की सुरक्षा में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है, इसलिए लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।


### मुख्य डाकघर में ...

अब तक नहीं पहुंच सका है। जब तक नया सिस्टम स्थापित नहीं होता, तब तक लेनदेन की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकेगी। इन दिनों दीपावली का त्यौहार नजदीक है, ऐसे में लोगों को घर-परिवार के खर्चों के लिए पैसों की आवश्यकता है। डाकघर की तकनीकी खराबी ने आम नागरिकों को बड़ी असुविधा में डाल दिया है। शहर के निवासी राजकिशोर सिंह, जो हर महीने अपनी बचत राशि डाकघर में जमा करते हैं, ने बताया "मैं दो दिनों से डाकघर आ रहा हूं, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता है कि नेटवर्क नहीं चल रहा है।"ग्राम इचकेला निवासी ललिता देवी ने बताया कि उन्हें अपने बेटे की पढ़ाई के लिए पैसे निकालने थे, पर सिस्टम बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। तकनीकी समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग9 स्थानीय नागरिकों ने डाक विभाग से मांग की है कि दीपावली सीजन को देखते हुए जल्द से जल्द तकनीकी समस्या का समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। फिलहाल पैसा जमा और निकासी दोनों पर रोक लगी हुई है। लोगों को उम्मीद है कि रायगढ़ कार्यालय से नया सिस्टम शीघ्र पहुंचे और दीपावली से पहले उन्हें अपने पैसों तक पहुंच मिल सके।

### तेज रफ्तार हाइवा ...

विपरीत दिशा से कुनकुरी की ओर आ रही थी। दोपहर करीब 2 बजे श्रीनदी पुल के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि हाइवा का आगे का हिस्सा पूरी तरह दब गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। टक्कर के बाद पुल के नीचे गिरी हाइवा का मंजर इतना भयावह था कि देखने वालों की रूह कांप गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411